भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2191
उत्तर देने की तारीख 05.08.2024

भारतीय संरक्षण फ़ेलोशिप कार्यक्रम (आईसीएफपी)

2191. श्री गौरव गोगोई :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय संरक्षण फेलोशिप कार्यक्रम की शुरुआत से लेकर आज तक प्रतिवर्ष प्रदान की गई फेलोशिप की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) आज तक संरक्षण परियोजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने वाले अध्येताओं की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने भारतीय संग्रहालयों में क्षमता निर्माण संबंधी कार्यक्रम के प्रभाव का आकलन किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार की इस कार्यक्रम की पहुंच का विस्तार करने तथा इसे देश भर में व्यापक स्तर पर संरक्षण पेशेवरों, विशेषकर उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लोगों के लिए सुलभ बनाने की कोई योजना है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): संस्कृति मंत्रालय द्वारा मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट (एमएमए), न्यूयॉर्क और स्टिचटिंग रेस्टोरैटी एटेलियर लिम्बर्ग (एसआरएएल), मास्ट्रिच, नीदरलैंड के सहयोग से भारतीय संरक्षण फेलोशिप प्रारंभिक कार्यक्रम (आईसीएफपीपी) की शुरुआत की गई।

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट (एमएमए), न्यूयॉर्क के बीच 19.03.2013 को दो वर्ष की अवधि के लिए सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

तत्पश्चात, संस्कृति मंत्रालय और मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट (एमएमए), न्यूयॉर्क के बीच 2016 से 2021 तक की अवधि के लिए भारतीय संरक्षण फेलोशिप कार्यक्रम (आईसीएफपी) की शुरुआत करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। संस्कृति मंत्रालय द्वारा इसकी शुरुआत एंड्रू डब्ल्यू. मैलन फाउंडेशन ("मैलन फाउंडेशन") की सहायता से मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट (एमएमए), न्यूयॉर्क और स्टिचटिंग रेस्टोरैटी एटेलियर लिम्बर्ग (एसआरएएल), मास्ट्रिच, नीदरलैंड, द रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर कल्चरल हैरिटेज, ब्रसेल्स ("केआईके-आईआरपीए") और द फ्रीयर गैलरी ऑफ आर्ट एंड ऑर्थर एम. सैकलर गैलरी, द स्मिथसोनियन म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट, वॉशिंगटन, डीसी ("एफजी") के समन्वयन में की जानी थी।

अब तक भारत के 36 संरक्षकों (17 संरक्षकों को प्रारंभिक कार्यक्रम के दौरान और 19 संरक्षकों को मुख्य कार्यक्रम के दौरान) को आईसीएफपी फेलोशिप प्राप्त हुई है। तत्संबंधी विवरण **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है।

(ग) से (च): जी, हां। इस फेलोशिप का उद्देश्य सहभागियों को अपनी गृह संस्थाओं के संग्रहों की बेहतर देखरेख हेतु कौशल प्रदान करना और क्षेत्र विशेष के व्यावसायिकों से अंतरराष्ट्रीय संबंधों सहित भारत में वृहत्तर और अधिक सुदृढ़ संरक्षण समुदाय स्थापित करना था।

इस फेलोशिप कार्यक्रम को कौशल, ज्ञान साझा करने, नेटवर्किंग, नेतृत्व विकास, संस्थानिक क्षमता, समुदाय भागीदारी, शोध और प्रलेखन, परियोजनाओं के मानकीकरण, मार्गदर्शन और करियर उन्नयन के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण क्षमता निर्माण हासिल हुआ है। अपने क्षमता निर्माण परिणाम प्राप्त करते हुए, आईसीएफपी ने भारत की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण पर महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ा है।

फेलोशिप कार्यक्रम के दौरान प्राप्त किए गए कौशल से संग्रहालयों को प्राप्त हुए कुछ अन्य महत्वपूर्ण लाभ निम्नानुसार हैं:

- फोटोग्राफिक संग्रह की पुनर्व्यवस्था
- प्रदर्शनी सहायता
- अनुसंधान विकास
- संसाधन केन्द्र
- आपदा के बाद बहाली प्रक्रियाओं में सुधार
- स्टाफ का सशक्तिकरण

- संचार के चैनल

भारतीय संरक्षण फेलोशिप कार्यक्रम (आईसीएफपी) हेतु संस्कृति मंत्रालय और मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट (एमएमए), न्यूयॉर्क के बीच दिनांक 27.06.2016 को केवल 2016 से 2021 तक की अवधि के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

***

अनुलग्नक-I

'भारतीय संरक्षण फ़ेलोशिप कार्यक्रम (आईसीएफपी)' के संबंध में दिनांक 05 अगस्त, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2191 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

भारतीय संरक्षण फेलोशिप पायलट कार्यक्रम (2013-15) के अंतर्गत फेलोशिप पूरी कर चुके फेलो की सूची

क्र.सं.	नाम	संबद्धता	मेज़बान	अवधि
1.	अब्दुर रशीद	आईजीएनसीए	एमएमए	9 दिसंबर, 2013– 31 मार्च, 2014) (4 महीने)
2	अंबिका पटेल	महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय बड़ौदा	एमएमए	1 अप्रैल – 31 जुलाई, 2015 (4 महीने)
3.	कैलास अभिमान ह्यूमान	सालार जंग संग्रहालय	एमएमए	1 अगस्त – 31 अक्टूबर, 2014 (3 महीने)
4.	कल्पना अवस्थी	सालार जंग संग्रहालय	एमएमए	1 जुलाई – सितंबर 2015 (3 महीने)
5.	मंदिरा छाबड़ा	सीएसएमवीएस/हिमालयन सोसायटी फॉर हेरिटेज एंड आर्ट कंजर्वेशन	एमएमए	1 अप्रैल – 30 सितंबर, 2014 (6 महीने)
6.	निधि शाह	सीएसएमवीएस	एमएमए/ एसआरएएल	शरद ऋतु 2014 (2 महीने)
7.	शिल्पा रतूड़ी	भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण	एमएमए	1 अप्रैल – 30 सितंबर, 2014 (6 महीने)
8.	शुभ्रा देवी	तेजपुर विश्वविद्यालय का संग्रहालय	एमएमए	1 सितम्बर – 28 फ़रवरी, 2015 (6 या 4 महीने)
9.	विक्रम सिंह राठौड़	मेहरानगढ़ किला संग्रहालय	एमएमए	जनवरी – मार्च 2015 (3 महीने)
10	अनिल द्विवेदी	पूर्व में आईजीएनसीए	एसआरएएल	जनवरी – जून 2014 (6 महीने)
11।	अनिल वर्मा	आईजीएनसीए	एसआरएएल	मार्च – मई 2015 (3 महीने)
12	दिवाकर कर्मकार	वीएमएच	एसआरएएल	जनवरी – जून 2015

				(6 महीने)
13.	मिनेश हरिनखेड़े	एनआरएलसी लखनऊ	एसआरएएल	अक्टूबर 2014 – मार्च 2015 (6 महीने)
14.	ओमकार मोहन कडू	सीएसएमवीएस	एसआरएएल	अप्रैल-जुलाई 2014 (3 महीने)
15.	शिखा बंसल	एनएमआई	एसआरएएल	अक्टूबर – दिसंबर 2013 (3 महीने)
16.	श्रुति अशोक	कोयंबटूर	एसआरएएल	सितम्बर – दिसम्बर 2014 (चार महीने)
17.	उमेश कुमार आहूजा	राष्ट्रपति भवन	एसआरएएल	अक्टूबर – दिसंबर 2013 (3 महीने)

आईसीएफपी के अंतर्गत फेलोशिप के प्रथम बैच की सूची

क्र.सं.	**नाम**	**संबद्धता**	**मेज़बान**	**अवधि**
1.	सुश्री वंदना सिंह	राष्ट्रीय संग्रहालय	एमएमए	01.02.2017 – 31.07.2027
2.	श्री परीत नागमूर्ति	इनटैक	एमएमए	01.02.2017 – 30.04.2017
3.	सुश्री मेरिन अनिल	इनटैक	एसआरएएल	03.04.2017 – 16.09.2017
4.	श्री विपिन जोशी	एनजीएमए, नई दिल्ली	एसआरएएल	29.05.2017 – 19.08.2017

आईसीएफपी के अंतर्गत फेलोशिप के दूसरे बैच की सूची

क्र. सं.	नाम	संबद्धता	मेज़बान	अवधि
1.	श्री सुबीर डे	वीएमएच, कोलकाता	एफजी	01.02.2018 - 31.05.2018
2.	श्री दिलीप मेस्त्री	सीएसएमवीएस, मुंबई	एमएमए	01.04.2018 - 30.06.2018
3.	श्री निखिल रमेश	सीएसएमवीएस, मुंबई	एमएमए	01.04.2018 - 30.06.2018
4.	श्री जितेन्द्र चौहान	आईजीएनसीए, नई दिल्ली	एसआरएएल	01.10.2017 - 31.01.2018
5.	श्री राहुल टोंगारिया	एनजीएमए, नई दिल्ली	एसआरएएल	01.03.2018 – 30.06.2018
6.	सुश्री मधु रानी पुट्टास्वामी	इनटैक कंजर्वेशन इंस्टीट्यूट्स, बैंगलोर	एसआरएएल	01.03.2018 – 30.06.2018
7.	श्री ललित कुमार	इनटैक, नई दिल्ली	एसआरएएल	28.08.2017 - 26.02.2018

आईसीएफपी के अंतर्गत फेलोशिप के तीसरे बैच की सूची

क्र. सं.	नाम	संबद्धता	मेज़बान	अवधि
1.	श्री प्रदीप मधुमिता वसुंधरा	सिटी पैलेस संग्रहालय, उदयपुर	एमएमए	01.02.2019 – 31.07.2019
2.	अज़हर सैयद तारिक	रामपुर रजा लाइब्रेरी	एफजी	01.02.2019 – 31.05.2019
3.	श्यामा प्रसाद दत्ता	एनजीएमए (दिल्ली)	एसआरएएल	01.03.2019 – 30.06.2019
4.	मोहम्मद गालिब	इनटैक	एसआरएएल	01.10.2018 – 28.02.2019
5	सर्वेश सिंह	भारतीय रिजर्व बैंक	एमएमए	01.02.2019 – 30.04.2019

आईसीएफपी के अंतर्गत फेलोशिप के चौथे बैच की सूची

क्र. सं.	नाम	संबद्धता	मेज़बान	अवधि
1.	सुश्री मृणालिनी मणि	इनटैक कंजर्वेशन इंस्टीट्यूट्स, बैंगलोर	एसआरएएल	नवंबर, 2019 में 4 महीने शुरू हुए
2.	सुश्री बैसाखी मलिक	वीएमएच, कोलकाता	एसआरएएल	मार्च/अप्रैल, 2020 में 4 महीने शुरू हुए
3.	सुश्री नलिनी बिलुका	इनटैक कंजर्वेशन इंस्टीट्यूट्स, बैंगलोर	एसआरएएल	मार्च/अप्रैल, 2020 में 4 महीने शुरू हुए

*****